राहुल ने धमाकेदार पारी खेलकर तोड़ डाला अपना ही रिकॉर्ड

आईपीएल में पहली बार किया ये कमाल

नई दिल्ली 7 मई (ए)। आइपीएल में रविवार शाम को खेले गए मुकाबले में किंग्स इलेवन पंजाब ने राजस्थान रॉयल्स को 6 विकेट से मात देकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी दावेदारी को और मजबूत कर लिया है। पंजाब की इस जीत के हीरो रहे ओपनिंग बल्लेबाज़ लोकेश राहुल और फिरकी गेंदबाज़ मुजीब उर रहमान। मुजीब ने राजस्थान के तीन बल्लेबाज़ों का शिकार कर उन्हें ज़्यादा बड़ा स्कोर बनाने से रोका तो बाद में राहुल ने अपने बल्ले से दम दिखाते हुए 54 गेंदों नाबाद 84 रन की पारी खेलकर पंजाब को जीत दिला दी। इस पारी के दौरान राहुल ने अपना ही एक रिकॉर्ड तोड़ डाला।

राहुल ने तोड़ दिया अपना ही रिकॉर्ड

54 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 84 रन की पारी खेलकर पंजाब के ओपनिंग बल्लेबाज़ लोकेश राहुल ने अपना ही एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। दरअसल ये लोकेश राहुल का आइपीएल में अभी तक का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। इसी के साथ आइपीएल में ये पहला मौका रहा जब इस ओपनिंग बल्लेबाज़ ने 80 रन से ज़्यादा का स्कोर बनाया है। इससे पहले उनका जो सर्वश्रेष्ठ स्कोर था वो नाबाद 68 रन का था जो उन्होंने 2016 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ बनाया था। लेकिन राजस्थान के खिलाफ ये धमाकेदार पारी खेलकर राहुल ने

अपना ही रिकॉर्ड तोड़ते हुए नया कार्तिमान बना दिया। इस मैच में पंजाब ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी। कप्तान रविचंद्रन अश्विन का फैसला सही साबित हुआ। पंजाब के स्पिन गेंदबाज़ मुजीब ने एक बार फिर से अपनी फिरकी का जादू दिखाया। मुजीब ने तीन विकेट झटके। उन्होंने सबसे पहले मौजूदा आइपीएल के सबसे महंगे खिलाड़ी बेन स्टोक्स को अपनी फिरकी के फंदे में फंसाया। इसके बाद मुजीब ने अर्धशतक जमा चुके जोस बटलर (51) का विकेट चटकाया और अगली ही गेंद पर मुजीब ने जोफ्रा आर्चर (0) को बोल्ड कर दिया। मुजीब उर रहमान आइपीएल-11 की पहली हैटिक बनाने से रह गए। मुजीब की दमदार गेंदबाज़ी की बदौलत राजस्थान की टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 152 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल राहुल के जुझारू अर्धशतक के दम पर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट से हराते हुए पंजाब ने अपनी छठी जीत हासिल की। राहुल ने 54 गेंदों पर सात चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 84 रन की पारी खेली, जिसके चलते पंजाब ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 18.4 ओवर में चार विकेट पर 155 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया।

मुंबई की जीत के बाद हार्दिक को मिले दो-दो गिफ्ट

नई दिल्ली 7 मई (ए)। आइपीएल में रविवार को मुंबई इंडियंस ने कोलकाता नाइटराइडर्स को 13 रन से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाए रखा। इस मैच में मुंबई की जीत के हीरो रहे हार्दिक पांड्या। मुंबई की इस जीत के बाद हार्दिक पांड्या को दो गिफ्ट भी मिले। जीत के बाद हार्दिक ने कहा कि वो काफी खुश हैं कि वो टीम की जीत में योगदान दे सके।

जीत के बाद ये बोले हार्दिक

अपनी टीम को जीत दिलाने के बाद पांड्या ने कहा कि पर्पल कैप मिलने से काफी खुश हूं, लेकिन इससे भी ज्यादा मुझे खुशी है कि टीम जीती। मैं सभी फॉर्मेट में भारतीय टीम के लिए गेंदबाजी कर रहा हूं और इससे आत्मविश्वास मिलता है। पिछले एक साल में मैंने भारत के लिए गेंदबाजी करते समय काफी चीजें सीखी हैं। मैं हमेशा सुधार करना चाहता हूं। टी 20 में आप रनों के लिए जा सकते हैं लेकिन आप हमेशा वापस आ सकते हैं और आज मैंने ऐसा किया। आज जब रोहित आउट हुए तो डूमिनी बल्लेबाज़ी के लिए आ रहे थे, लेकिन महेला ने उसे रोक दिया और कहा की हार्दिक बल्लेबाज़ी के लिए जाओ। मुझे ऊपर बल्लेबाजी करना अच्छा लगता है, मुझे खुशी है कि मुझे मौका मिला।

पांड्या को मिले दो-दो गिफ्ट

मुंबई की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले पांड्या को जीत के बाद एक तो मैन ऑफ द मैच के खिताब से नवाज़ा गया। दूसरे वो मौजूदा आइपीएल में अब सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी भी बन गए है और सबसे ज्यादा विकेट लेकर वो पर्पल कैच के हकदार भी बन गए थे, तो जीत के बाद उनके सिर पर पर्पल कैप भी सज गई। मैन ऑफ द मैच और पर्पल कैप का खिताब पाकर हार्दिक काफी खुश नज़र आ रहे थे।

हार्दिक ने किया ऑलराउंड प्रदर्शन केकेआर के खिलाफ खेले गए इस मैच में हार्दिक ने आलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले बल्ले से कमाल दिखाते हुए सिर्फ 20 गेंदों में 35 रन का नाबाद पारी खेली। इस पारी में फनके बल्ले से 4 चौके और एक छक्का निकला। इसके बाद गेंदबाज़ी में भी हार्दिक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया उन्होंने अपने 4 ओवर में सिर्फ 19 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। हार्दिक ने पहले ओपनिंग करने आए शुभमन गिल का विकेट लिया तो बाद में उन्होंने नीतीश राना को पवेलियन भेजा।

इस खिलाड़ी के घर पहुंची विराट एंड कंपनी ने जमकर उठाया बिरयानी का लुत्फ

नई दिल्ली 7 मई (ए)। सोमवार को मैच से पहले कोहली एंड कंपनी अपने एक साथी खिलाड़ी के घर पहुंची और सभी खिलाड़ियों ने यहां बिरयानी का आनंद उठाया। यहां तक की कप्तान कोहली भी हैदराबाद में मैच से पहले बिरयानी का लुत्फ उठाते हुए दिखे। हैदराबाद के खिलाफ मैच से पहले विराट कोहली कई अन्य खिलाड़ियों के साथ अपने साथी मोहम्मद सिराज के घर पहुंचे। यहां उन्होंने टीम के साथ डिनर किया और जमकर बिरयानी खाई। रविवार को प्रैक्टिस सेशन पूरा करने के बाद टीम के खिलाड़ी सिराज के घर पहुंचे। खिलाड़ियों ने सिराज के घर करीब 2 घंटे बिताए। खास बात ये रही कि पूरी टीम ने ज़मीन पर ही गद्दे पर बैठकर बिरयानी का लुत्फ उठाया। आपको बता दें कि मोहम्मद सिराज के पिता ऑटोरिक्शा चलाते हैं। बैंगलोर की टीम ने सिराज को एक करोड़ रुपए में खरीदा था। बैंगलोर से पहले सिराज आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते थे। भले ही बैंगलोर के खिलाड़ी मैच से पहले बिरयानी का लुत्फ उठा रहे हों, लेकिन उनकी टीम का प्रदर्शन मौजूदा आइपीएल में काफी खराब है। आरसीबी की टीम ने अभी तक 9 मैच खेले हैं, जिसमें से सिर्फ 3 ही जीत पाएं हैं। जबकि 6 मैचों में उसे हार मिली है और अंकतालिका में बैंगलोर की टीम अभी छठें नंबर पर चल रही है।

चहल कर बैठे ये गलती, तो अनुष्का से ज़्यादा हैरान दिखी बैंगलोर के इस क्रिकेटर की वाइफ

नई दिल्ली 7 मई (ए)। आइपीएल 2018 का 35वें मुकाबले में विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को धौनी की चेन्नई सुपर किंग्स ने 6 विकेट से मात दे दी। इस मुकाबले को देखने के लिए धौनी की पत्नी साक्षी तो मैदान पर नहीं आ सकीं, लेकिन बैंगलोर की टीम के खिलाड़ियों की वाइफ जरुर स्टेडियम पहुंची थीं।

अनुष्का ने लिया मैच का मज़ा-पुणे में हुए इस मुकाबले में विराट कोहली की पत्नी अनुष्का शर्मा, मनदीप सिंह की वाइफ जगदीप और आशीष नेहरा की वाइफ रुश्मा ने साथ बैठकर मैच को देखा। लेकिन इस मैच में एक समय ऐसा भी आया जब युजवेंद्र चहल से एक गलती हो गई और चहल की इस गलती को देखकर अनुष्का से ज़्यादा हैरान मनदीप सिंह की वाइफ जगदीप दिखीं।



चहल से हो गई ये गलती-चेन्नई की पारी के 14वें ओवर में मुरगन अश्विन को कोहली ने गेंदबाज़ी का ज़िम्मा सौंपा। इस ओवर की चौथी गेंद पर ब्रावो ने स्विपर कवर बाउंड्री की तरफ हवा में सॉट खेला। ये गेंद सीधे उस जगह पर मौजूद युजवेंद्र चहल के पास गई, लेकिन चहल ने कैच छोड़ दिया। चहल ने जब इस आसान से कैच को छोड़ दिया तो स्टैंड्स में बैठकर मैच देख रहीं, तीनों क्रिकेटर्स वाइफ शॉक्ड हैरान रह गईं। इस दौरान मनदीप सिंह की वाइफ जगदीप को सबसे ज्यादा झटका लगा, उन्होंने तो अपना हाथ अपने सिर पर ही रख लिया। आपको बता दें जब चहल ने ये कैच छोड़ा था तब ब्रावो एक रन बनाकर खेल रहे थे और इसके बाद उन्होंने 17 गेंदों पर 14 रन बनाए और वो अंत तक नाबाद रहे। चेन्नई की टीम ने 128 रन के लक्ष्य को 18 ओवर में ही हासिल कर लिया। चेन्नई की इस जीत में धौनी का योगदान काफी अहम रहा। धौनी ने 23 गेंदों पर 31 बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। धौनी और ब्रावो ने नाबाद 48 रन की साझेदारी की और अगर चहल ब्रावो के उस कैच को पकड़ लेते तो मैच फंस सकता था।

विंडर पार्क स्टेडियम के लिये चैरिटी मैच में विश्व एकादश के लिये खेलेंगे ये दो भारतीय क्रिकेटर

दुबई 7 मई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या और विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक वेस्टइंडीज के खिलाफ 31 मई को लॉर्ड्स के मैदान पर होने वाले अंतरराष्ट्रीय चैरिटी टी-20 मैच में विश्व एकादश टीम की ओर से खेलेंगे। इस मैच के आयोजन का मकसद एंगुइला के रोलैंड वेबस्टर पार्क, एंटीगुआ के सर विवियन रिचर्डस स्टेडियम और डोमिनिका के विंडर पार्क स्टेडियम के पुनर्निर्माण के लिए राशि जुटाना है। ये सभी स्टेडियम इरमा और मारिया तूफानों में क्षतिग्रस्त हो गए थे। चैरिटी मैच का समर्थन कर रहे गाइल्स क्लार्क ने कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि लॉर्ड्स में होने वाला मैच एक यादगार मैच होगा।

कैच छूटा तो नाराजगी में हार्दिक ने इस खिलाड़ी को कहे अपशब्द

मुंबई 7 मई (ए)। मुंबई इंडियंस ने रविवार को आईपीएल 2018 के करो या मरो के मुकाबले में कोलकाता नाइटराइडर्स को 13 रनों से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को बनाए रखा है। हार्दिक पांड्या के ऑलराउंड प्रदर्शन से मुंबई ने यह मुकाबला जीता, लेकिन हार्दिक की एक युवा खिलाड़ी के खिलाफ अपशब्दों का उपयोग करने को लेकर बहुत आलोचना भी हो रही है। मुंबई ने इस मुकाबले में 4 विकेट पर 181 रन बनाए। सूर्यकुमार यादव (59) और इविन लुईस (43) द्वारा दी गई शानदार शुरुआत के बाद हार्दिक ने 20 गेंदों में तूफानी ढंग से 35 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने केकेआर की इनिंग में 19 रन देकर 2 विकेट भी झटके। केकेआर की पारी में हार्दिक जब छठा ओवर डाल रहे थे तब रॉबिन उथप्पा ने मिडऑन पर शॉट खेला और वहां खड़े युवा खिलाड़ी मयंक मार्कंडे के हाथों से यह आसान कैच टपक गया। उथप्पा इस वक्त मात्र 4 रनों पर खेल रहे थे, मयंक को इतना आसान कैच छोड़ता देख हार्दिक गुस्से पर काबू नहीं रख पाए और उन्होंने उसे अपशब्द कह दिए। मुंबई को यह जीवनदान महंगा साबित हुआ क्योंकि उथप्पा ने इसके बाद 54 रन बना डाले। वैसे केकेआर 6 विकेट पर 168 रन ही बना पाई और इस मुकाबले को 13 रनों से गंवा बैठी।

पंजाब से हारने के बाद रहाणे ने मानी अपनी गलती

नई दिल्ली (ए)। आईपीएल टूर्नामेंट के 38वें मैच में किंग्स इलेवन पंजाब ने राजस्थान रॉयल्स को 6 विकेटों से हराया। पंजाब के ओपनर केएल राहुल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम को छठी जीत दिलाई। केएल राहुल ने नाबाद रह कर 54 गेंदों पर 84 रनों की पारी खेली, जिस दौरान उन्होंने 7 चौके और 3 छक्के भी जड़ दिए। राजस्थान के कप्तान अजिंक्य रहाणे हार के बाद निराश दिखे और उन्होंने अपनी गलती स्वीकार की। रहाणे ने कहा, इस पिच पर 170-175 रन बहुत अच्छे हैं, लेकिन मैंने और पूरी टीम ने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। आईपीएल में गेंदबाज अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। हमने कई महत्वपूर्ण विकेट गंवाए और सबसे बड़ी बात यह कि हमें कोई अच्छी साझेदारी नहीं मिली। हम हर समय बहाने नहीं बना सकते। हम सभी प्रोफेशनल क्रिकेटर हैं। बावजूद इसके हम अभी भी खेल में हैं और पांच में से पांच मैच जीत सकते हैं।

गेल के साथ ओपनिंग करने से मेरा काम आसान हो गया: राहुल

इंदौर 7 मई (ए)। किंग्स इलेवन पंजाब के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि क्रिस गेल के साथ पारी की शुरुआत करने से उनका काम आसान हो गया क्योंकि विपक्षी गेंदबाजों का ध्यान गेल पर रहता है और उन्हें पारी जमाने का समय मिल जाता है। राहुल ने कहा, गेल दुनिया के सबसे खतरनाक टी-20 ओपनर है और उनके साथ बैटिंग करना मेरे लिए सम्मान की बात है। उनकी वजह से मेरा काम आसान भी हो गया है। गेंदबाजों का ध्यान उनकी (गेल की) तरफ होने से मुझ पर दबाव भी कम होता है और मैं अपने क्रिकेट को एन्जॉय कर पा रहा हूं। राहुल आईपीएल के इस सत्र में जबर्दस्त फॉर्म में चल रहे हैं। वे अभी तक 9 मैचों में 47 की औसत से 376 रन बना चुके हैं। राहुल और गेल ने इस सत्र में लगातार पांच फिफ्टी प्लस साझेदारियां कर विराट कोहली और एबी डीविलियर्स के रिकॉर्ड की बराबरी की थी। राहुल ने कहा, हम कई वर्षों तक आरसीबी के लिए साथ में खेले और अब किंग्स इलेवन में भी साथ में हैं। हमें एक-दूसरे की कंपनी अच्छी लगती है। गेल एक संपूर्ण इंटरटेनर है और उनके साथ रहने में मजा आता है। राहुल ने कहा, गेल जब भी खेलते हैं तो उनके चेहरे पर मुस्कान होती है और दबाव के क्षणों में भी वे खेल का आनंद उठाते हैं। मैंने उन्हीं से सीखा कि खेल को कैसे एन्जॉय किया जाता है।

कमाल कर रहा है मुंबई का ये ओपनर यादव, रन बनाने के मामले में दूसरा सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज

नई दिल्ली 7 मई (ए)। आइपीएल 2018 में रोहित की कप्तानी में मुंबई की टीम फिलहाल तो प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए जूझ रही है लेकिन टीम के ओपनर बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अपनी टीम के लिए लगातार रन बना रहे हैं। सूर्य को टीम अपनी जरूरत के मुताबिक बल्लेबाजी के लिए भेज रही है। शुरुआती मैचों में वो निचले क्रम पर बल्लेबाजी के लिए आए लेकिन बाद में उन्हें ओपनिंग की जिम्मेदारी सौंपी गई और फिर उनके बल्ले ने कमाल दिखाना शुरू कर दिया। कोलकाता के खिलाफ हुए मैच में उन्हें ओपनिंग करने भेजा गया और उन्होंने टीम को निराश नहीं किया।

10 वें मैच में लगाया चौथा अर्धशतक

सूर्यकुमार यादव का बेहतरीन फॉर्म लगातार जारी है। मुंबई के घरेलू मैदान पर उन्हें कोलकाता के खिलाफ ओपनिंग करने भेजा गया और उन्होंने 39 गेंदों पर 59 रन की पारी खेली। यादव का इस आइपीएल में ये चौथा अर्धशतक था। उन्होंने अपनी पारी में 7 चौके और 2 छक्के के साथ अपनी स्ट्राइक रेट

151.28 की रखी। उनकी बेहतरीन पारी के दम पर ही उनकी टीम का स्कोर 181 रन तक पहुंचा। इस मैच में सूर्य ने पहले विकेट के लिए अपने जोड़ीदार इविन लुईस के साथ मिलकर 91 रन की साझेदारी की और अपनी टीम को मजबूत शुरुआत दी।

आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज-आइपीएल के इस सीजन में सूर्यकुमार यादव ने अब तक कुल 10 मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने कुल 399 रन बनाए हैं। उनका औसत इन मैचों में 39.90 का रहा है और उनका स्ट्राइक रेट 132.11 का है। इस सीजन में उनका अब तक का सर्वाधिक स्कोर 72 रन है जो उन्होंने जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ बनाए थे। उन्होंने 10 मैचों में कुल 4 अर्धशतक लगाए हैं और इन मैचों में उनके नाम पर 45 चौके और 12 छक्के हैं। इस आइपीएल में फिलहाल रन बनाने के मामले में उनसे आगे अंबाती रायडू हैं जिनके नाम पर अब तक 423 रन हैं।

ऐसा रहा है सूर्यकुमार का इस आइपीएल में सफर-सूर्यकुमार यादव मुंबई के लिए बेहतर ओपनर बल्लेबाज साबित हो रहे हैं। लगभग हर मैच में वो टीम के लिए स्कोर करते हैं। अब तक खेले 10 मैचों में उनके बल्ले से 43, 28, 53, 0, 72, 34, 44, 9, 57 और 59 रन निकले हैं। सूर्यकुमार को अब तक भारतीय टीम में खेलने का मौका नहीं मिला है। वो मुंबई की टीम की तरफ से घरेलू मैचों में खेलते हैं। फिलहाल वो मुंबई इंडियंस का हिस्सा हैं लेकिन आइपीएल में इससे पहले वो कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से भी खेल चुके हैं।

जेठ के खिलाफ शिकायत करने एसपी ऑफिस पहुंची मोहम्मद शमी की पत्नी

अमरोहा 7 मई (ए)। क्रिकेटर मोहम्मद शमी की पत्नी एसपी ऑफिस पहुंची। यहां वह अपने जेठ हसीब अहमद के खिलाफ शिकायती पत्र देने आई थीं। उन्होंने हसीब से जान का खतरा बताया। साथ ही घर का ताला खुलवाने की मांग की। परंतु इसी दौरान पत्र में कुछ संशोधन कराने के लिए बिना पत्र दिए वापस हो गई। अभी वह दोबारा एसपी दफ्तर आएंगी। उधर कोलकाता पुलिस जोया में कुछ लोगों के बयान दर्ज कर गांव चली गई है। इसके पहले रविवार को भी भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मुहम्मद शमी की पत्नी हसीन जहां अचानक अपनी ससुराल सहसपुर अलीनगर पहुंचीं। उनके साथ बेटी आयरा और वकील जाकिर हुसैन भी थे। उन्हें घर पर ताला लटका मिला। हसीन ने ताला तोड़ने का प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो सकी। दोपहर तक हसीन वहां रहीं और बाद में एडीएम को शिकायती पत्र सौंपकर घर में दाखिल होने की अनुमति मांगी। एसपी से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। देर शाम तक हसीन जोया में एक परिचित के घर पर ठहरी हुई थीं। हसीन ने पति शमी, जेठ हसीब अहमद और अन्य परिजनों के खिलाफ दुष्कर्म, दहेज उत्पीड़न व मारपीट का आरोप लगाते हुए कोलकाता में मुकदमा दर्ज कराया है। उसकी विवेचना चल रही है। सुबह सात बजे वह सबसे पहले डिडौली कोतवाली पहुंचीं और सहसपुर अलीनगर स्थित ससुराल जाने के लिए पुलिस सुरक्षा मांगी।